(ङ) **किं** श्रुत्वा वन्यपशव: आश्चर्यचकिता: अभवन्?

अनुवाद कौशल

6. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-

उत्तर (क) भूख से परेशान वह नगर की ओर गया।

(ख) गीदड़ को देखकर कुत्ते उसकी ओर दौड़े।

(ग) और वहाँ एक नीले रंग से भरे बरतन में गिर गया।

(घ) वहाँ से भागकर वह शीघ्र ही वन को आ गया।

(ङ) तुम वन्य जीवों की रक्षा और पालन करो।

3 पर्यावरणम्

हिन्दी अनुवाद–

इस समय हम अनुभव करते हैं कि यथासमय वर्षा नहीं होती है, धूप प्रचंड होती है। शीत का प्रकोप प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। न केवल भारत में अपितु संपूर्ण विश्व में मौसम के चक्र की अनिश्चित स्थिति है। कहीं अतिवृष्टि के कारण आई भीषण बाढ़ से बहुत सारा धन और जीवन नष्ट हो जाता है, कहीं अनावृष्टि से अनाहार दशा आ जाती है। कहीं अधिक हिमपात जनजीवन को त्रस्त कर देता है। प्रकृति के ऐसे परिवर्तन से सभी प्राणी पीडित हैं और वैज्ञानिक चिंतित।

इस दुर्दशा का कारण क्या है? ''प्रकृति अथवा पर्यावरण की असंतुलित स्थिति यहाँ कारण है'', 'ऐसा वैज्ञानिक बोलते हैं। यह स्थिति विविध प्रदूषणों के कारण आई है। पर्यावरण में प्रदूषण के मुख्यत: चार क्षेत्र हैं- भूमि, वायु, जल और ध्वनि। फसली खेतों, आवासों और उद्योग केंद्रों के लिए वृक्षों अथवा वनों की कटाई निरंतर हो रही है। फसलों खेतों में खादों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि प्रदूषित होती है। वायुमडंल में प्रक्षेपास्त्र आदि और विस्फोटकों के प्रक्षेपण से भी वायु प्रदूषण होता है। नगरों के मलिन पदार्थ नदियों में निष्कासित करने से और उद्योगों के विषाक्त अवशिष्ट पदार्थों के फेंकने से जल में प्रदूषण बढ़ता है। उद्योगों में कार्यरत यंत्रों और द्रुतगामी यानों की उच्च ध्वनि से आकाश प्रदूषित होता है और जनजीवन में शांति नष्ट होती है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए पर्यावरण सुरक्षित करना है। उसके लिए हमें रासायनिक खादों का प्रयोग कम करना चाहिए। उद्योगों में चिमनियाँ अत्यधिक ऊँची होनी चाहिए। उद्योगों आदि और यानों का धुआँ परिष्कृत होना चाहिए। गंदे पदार्थों का निष्कासन नदियों में नहीं करना चाहिए। सर्वोपरि वनों और वृक्षों की रक्षा करनी चाहिए। न केवल यह अपितु वृक्षारोपण भी करना चाहिए। स्वयं गंदगी की वृद्धि नहीं करनी चाहिए और उसे दूर करने में सहयोग करना चाहिए।

इन उपायों से भूमि आदि पर्यावरण सुरक्षित होगा। उससे सभी का जीवन सुरक्षित, सुखमय और शांत होगा। इसके लिए ही प्राचीन ऋषियों ने कहा–

द्युलोक में शांति हो, अंतरिक्ष में शांति हो, पृथ्वी पर शांति हो, जलों में शांति हो, औषधियों में शांति हो, वनस्पतियों में शान्ति हो, विश्व में शांति हो, इस ब्रह्मांड में शांति हो, सब जगह शांति–ही–शांति हो, हे ईश्वर! मुझे भी शांति प्रदान करो। ओउम् शांति, शांति, शांति।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) अनावृष्ट्या अनाहारदशा भवति।

(ख) प्रदूषणस्य चत्वारि क्षेत्राणि सन्ति; तद्यथा भूमि:, वायु:, जलं ध्वनिश्च।

(ग) शस्यक्षेत्राणां भूमि: उर्वरकाणाम् अत्यधिकप्रयोगेन प्रदूषिता भवति।

(घ) नगरणां मलिनपदार्थनाम् उद्योगानां च विषाक्तानाम् अपशिष्टानां पदार्थानां नदीषु निष्कासनेन क्षेपणेन वा जले प्रदूषणं वर्धते।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) वृक्षाणां निरन्तरं **कर्तनम्**।

(ख) विस्फोटकानां प्रक्षेपणै: वायो: **प्रदूषणं** भवति।

(ग) द्रुतगामिनां यानानां ध्वनिना **आकाशः** प्रदूषितो भवति।

(घ) मलिनानां विषाक्तानां च पदार्थानां निष्कासनं **नदीषु** न करणीयम्।

3. सही कथनों पर (✓) का चिह्न लगाइए–

उत्तर (क) ✓ (ख) ✗

(ग) ✗ (घ) ✓

व्याकरण कौशल

4. दिए गए शब्दों के विपरीतार्थक शब्द चुनिए और लिखिए–

उत्तर (क) अतिवृष्टि : **अनावृष्टि**

(ख) आगत : **अनागतः**

(ग) अनिश्चितता : **निश्चितता**

(घ) प्राचीना : **नवीनाः**

5. रंगीन शब्दों का संशोधन कीजिए–

उत्तर (क) शिक्षकः छात्रं **पाठयति**।

(ख) माता **शिशवे** मोदकं यच्छति।

(ग) बालकः चित्राणि **द्रष्टुम्** इच्छति।

(घ) पितामहः मनिदरात् **आगत्य** खादति।

(ङ) सीता रामेण सह वनं **गतवती**।

अनुवाद कौशल

6. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) एतैः परिवर्तनैः सर्वे प्राणिनः पीडिताः सन्ति।

(ख) अस्याः दुर्दशायाः किं कारणम् अस्ति?

(ग) पर्यावरणस्य सुरक्षा अस्माकं कर्तव्यम् अस्ति।

(घ) प्रदूषणं प्रतिवर्षं वर्धते।

(ङ) वयं विषाक्तानाम् उर्वरकाणां प्रयोगं न करिष्यामः।

4 गङ्गायाः जलम्

हिन्दी अनुवाद–

प्राचीन ग्रंथों में गंगा का महत्त्व वर्णित है। गंगा भारत की पवित्रतम नदी है। गंगा हिमालय से निकलती हुई गाँव-गाँव, शहर-शहर अथवा कस्बे में होकर कोलकाता शहर के पास बंगोपसागर से मिलती है। यह स्थल 'गंगा सागर' कहलाता है।

गंगा के किनारे अनेक तीर्थस्थल हैं– वाराणसी, हरिद्वार, ऋषिकेश, प्रयाग इत्यादि। इन तीर्थों में प्रतिदिन असंख्य लोग गंगा जल में स्नान करते हैं। पौराणिका कथा के अनुसार काशी पृथ्वी पर सर्वश्रेष्ठ है।

प्रयाग 'तीर्थराज' नाम से विश्व प्रसिद्ध है। तीर्थराज में गंगा, यमुना, सरस्वती ये तीन नदियाँ हैं। इलाहाबाद शहर में गंगा, यमुना और सरस्वती एक स्थान पर मिलकर बहती हैं। संगम स्थल पर स्नान महान पुण्य प्रदान करने वाला होता है। कुंभ मेला आदि अवसरों पर लाखों लोग गंगा स्नान करते हैं।

प्रतिवर्ष माघ महीने में लाखों ऋषि, मुनि, साधु और श्रद्धालु त्रिवेणी में स्नान के लिए आते हैं। गंगा जल में अनेक सुंदर नावें तैरती हैं। उन नावों में लोग जल विहार भी करते हैं। उत्तर भारत में विशाल क्षेत्रों में गंगाजल का सेवन होता है। गंगा सभी नदियों में सबसे श्रेष्ठ है। गंगा के किनारे गाँव और नगर जल पाने के लिए गंगा पर आश्रित हैं। वास्तव में ये नदियाँ हमारा बहुत उपकार करती हैं। इसके महान महत्त्व को ही ध्यान में रखते हुए शास्त्र में कहा गया है– 'जय गंगे, जय गंगे' ऐसा सौ योजन से भी दूर रहकर जो बोले, वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है और विष्णुलोक को जाता है।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. प्रश्नों के उत्तर रिक्त स्थानों में लिखिए–

उत्तर (क) **गङ्गा** हिमालयात् निः सरिता ग्रामे ग्रामे, नगरे नगरे उपनगरे वा भूयः कोलकाता नगरस्य समीपे बङ्गोपसागरेण सह मिलति।

(ख) हरिद्वारादिषु तीर्थेषु जनाः **गङ्गायाः** जले स्नानं कुर्वन्ति।

(ग) **इलाहाबाद** नगरे गङ्गा, यमुना सरस्वती च एकस्मिन् स्थाने संगम्य प्रवहन्ति।

2. **इनमें से उचित पद का प्रयोग करके प्रश्न-निर्माण कीजिए–**

उत्तर (क) हरिद्वार: **कुत्र** स्थित: अस्ति?

(ख) गृहे **के** सन्ति?

(ग) ईश्वरं **कदा** नमथ?

(घ) गृहे **का** ज्वलति?

व्याकरण कौशल

3. **निर्देश के अनुसार मेल कीजिए-**

उत्तर

(क) खे	हंसा:	पठन्ति।
(ख) न्यायालये	सूर्य:	भोजनं पचति।
(ग) सरोवरे	पाचक:	प्रचण्ड: तपति।
(घ) विद्यालये	न्यायाधीश:	तरन्ति।
(ङ) क्रीडाक्षेत्रे	क्रीडक:	पादकन्दुकेन क्रीडति।
(च) भोजनालये	छात्रा:	निर्णयं करोति।

4. **रंगीन शब्दों का संशोधन कीजिए-**

उत्तर (क) **गङ्गाजले** अनेका: शोभना: नौका: तरन्ति।

(ख) मम **पठनाय** अभिलाषा अस्ति।

(ग) **धर्माय** अभिलाषा कुरु।

(घ) स: **सायङ्काले** ईश्वरं भजति।

5. **उच्चारण कीजिए-**

उत्तर **विद्यार्थी स्वयं करें।**

अनुवाद कौशल

6. **हिंदी में अनुवाद कीजिए-**

उत्तर (क) गंगा हिमालय से निकली है।

(ख) गंगा के किनारे अनेक तीर्थ हैं।

(ग) गंगा के जल में नहाकर लोग स्वयं को पवित्र करते हैं।

(घ) गंगा के जल में अनेक नावें तैरती हैं।

5 समाचारपत्रम्

हिन्दी अनुवाद–

मैं एक दैनिक समाचार-पत्र हूँ। मुझमें देश और विदेशों की घटनाएँ सचित्र लिखी हैं। संसार में प्रतिदिन नई-नई घटनाएँ होती हैं इसलिए प्रतिदिन मैं नए रूप में आता हूँ। पृथ्वी पर असंख्य भाषाओं में मेरा प्रकाशन होता है। संचार माध्यमों में मेरा प्रमुख स्थान है।

मैं प्रतिदिन प्रात: काल बहुत-से घरों में जाता हूँ। नगर हो अथवा गाँव, मेरा सब जगह आदर है। सभी मुझमें लिखे विषय पढ़ते हैं, मेरे चित्रों को भी देखते हैं। मेरे हृदय में जाति-धर्म आदि का भेद विचार नहीं हैं। मुझमें तत्कालिक समाचार तो होते ही हैं, बच्चों के लिए मनोरम बाल कथाएँ और चित्र भी होते हैं। खेल, विज्ञान, चलाचित्र (सिनेमा), राजनीति इत्यादि यहाँ सब संभव है।

सुख हो अथवा दुख: किसी नेता का सम्मान होता है अथवा मृत्यु, रमणीय उत्सव हो अथवा भयंकर भूकंप, सभी विषयों में समान रूप से व्यवहार करता हूँ।

मित्रो! मैं आपका एक मित्र हूँ। इस समय आप ही विचार करें- 'मेरे जैसे मित्र का उपयोग कैसे हो? कैसे अशिक्षित ग्रामीण लोग भी मेरे माध्यम से जागरूक हो? कैसे मुझमें प्रकाशित विज्ञान, साहित्य, संसार के हित के लिए आए?'

सजग पाठकों के इन विचारों से ही मेरा देश-सेवा का मार्ग प्रशस्त होगा। देश-सेवा ही मेरा सब कुछ है।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

उत्तर (क) समाचारपत्रं प्रतिदिनं प्रात: बहुषु गृहेषु गच्छति।

(ख) समाचारपत्रस्य आदर: ग्रामनगरेषु भवति।

(ग) समाचारपत्रस्य हृदये जातिधर्मादीनां भेदविचार: नास्ति।

(घ) समाचारपत्रम् अस्माकं मित्रम् अस्ति।

(ङ) समाचारपत्रस्य सर्वस्वं देशसेवा अस्ति।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) **अहमेकं** दैनिकं समाचारपत्रमस्मि।

(ख) **सञ्चारमाध्यमेषु** मम प्रमुखं स्थानम्।

(ग) मयि **तात्कालिका:** समाचारा: तु भवन्त्येव।

(घ) मादृशस्य **मित्रस्य** कथम् **उपयोग:** भवेत्?

(ङ) देशसेवा एव मम **सर्वस्वम्**।

व्याकरण कौशल

3. निर्देशानुसार शब्द रूप लिखिए–

उत्तर (क) नीति: तृतीया विभक्ति: **नीत्या नीतिभ्याम् नीतिभि:**

(ख) मृत्यु: द्वितीया विभक्ति: **मृत्युम् मृत्यू मृत्यू:**

(ग) अस्मद् सप्तमी विभक्ति: **मयि आवयो: अस्मासु**

(घ) युष्मद् तृतीया विभक्ति: **त्वया युवाभ्याम् युष्माभि:**

(ङ) पत्रम् षष्ठी विभक्ति: **पत्रस्य पत्रयो: पत्राणाम्**

4. निर्देशानुसार शब्दों में संधि कीजिए–

उत्तर (क) भवन्ति + एव = **भवन्त्येव**

(ख) च + अत्र = **चात्र**

(ग) सर्वेषु + एव = **सर्वेष्वेव**

(घ) इति + आदय: = **इत्यादय:**

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–

उत्तर (क) रमणीय = **सुंदर, सुहावना**

(ख) प्रशस्त: = **प्रशस्त**

(ग) मादृशस्य = **मेरे जैसे का**

(घ) सर्वस्वम् = **सब कुछ**

अनुवाद कौशल

6. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) वयं समाचारपत्रं प्रतिदिनं पठेम।

(ख) एषा बालिका गृहं गच्छेत्।

(ग) त्वम् एकं पत्रं लिखे:।

(घ) कश्चिदपि दु:खित: न भवेत्।

6 वृक्षाणां वैशिष्ट्यम्

हिन्दी अनुवाद–

पृथ्वी पर अनेक रत्न हैं। उनमें वृक्ष सबसे श्रेष्ठ है। वृक्ष सभी जीवों को जीवन देता है। यह कार्बन को ग्रहण करता है और ऑक्सीजन प्रदान करता है। वन-उपवनों की शोभा वृक्षों से ही होती है। संस्कृत भाषा में वृक्ष के अनेक पर्याय हैं; जैसे- तरू, पादप, द्रुम, विटप, शाखिन्।

वृक्ष के मुख्यत: दो प्रकार हैं। कुछ फल वाले वृक्ष जैसे- बेर के वृक्ष, शहतूत के वृक्ष, इमली के वृक्ष, खजूर के वृक्ष, जामुन के वृक्ष, नारियल के वृक्ष, अमरूद के वृक्ष, अनार के वृक्ष, सेब के वृक्ष, महुआ, संतरे, अखरोट, बादाम आदि के वृक्ष ये सब फल प्रदान करने वाले हैं। ये वृक्ष छाया भी देते हैं। इनमें से कुछ वृक्ष विशाल आकार के होते हैं और कुछ छोटे आकार के।

पीपल, हरसिंगार, बरगद, सेमल, शीशम, देवदार, पलाश, मौलश्री के वृक्ष केवल छाया प्रदान करने वाले वृक्ष हैं। ये वृक्ष विविध उपकार करते हैं। वृक्ष आश्रय प्रदान करते हैं, छाया फैलाते हैं, नाना रंग के फूल लोगों के मनों को प्रसन्न करते हैं, स्वास्थ्यवर्धक फल देते हैं, जो वस्तुएँ हमारे लिए आवश्यक हैं उसके लिए लकड़ी देते हैं। ये गर्मी हरते हैं और ठंडक देते हैं। ये प्रदूषित वातावरण को स्वच्छ करते हैं।

विविध लताएँ वृक्ष का आश्रय लेती हैं। पक्षी वृक्षों पर घोंसले बनाते हैं, मधुर कूकते हैं, फलों का स्वाद लेते हैं। मधुमक्खियाँ फूलों का रस पीती हैं और बाद में शहद देती हैं।

ऐसे दानशील वृक्षों को नमस्कार है।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) वृक्षै: वनोपवनस्य शोभा भवति।

(ख) संस्कृतभाषायां वृक्षस्य पर्याया: सन्ति— तरु:, पादप:, द्रुम:, विटप्, शाखिन्।

(ग) फलवन्तः वृक्षाः सन्ति— बदरीवृक्षाः, तूदवृक्षाः (शहतूत), अल्मिकावृक्षाः (इमली), खर्जूरवृक्षाः जम्बूवृक्षाः, नारिकेल वृक्षा, पेरूकवृक्षाः (अमरूद), दाडिमवृक्षाः, सेबवृक्षाः, मधूकवृक्षाः (महुआ) नारङ्गवृक्षाः, अक्षोटवृक्षाः (अखरोट) वातादवृक्षाः इति।

(घ) वृक्षाः जनानाम् उपकारं निम्नप्रकारेण कुर्वन्ति तद्यथा– एते आश्रयं प्रयच्छन्ति, छायां प्रसरन्ति, नानावर्णैः पुष्पैः लोकानां मनांसि रञ्जयन्ति, स्वास्थ्यवर्द्धकानि फलानि यच्छन्ति। यानि वस्तूनि अस्मभ्यम् आवश्यकानि सन्ति तदर्थं काष्ठं यच्छन्ति। एते आतपं हृत्य शैत्यं यच्छन्ति प्रदूषितं वातावरणं च स्वच्छं कुर्वन्ति।

(ङ) मधुमक्षिकाः पुष्परसं पीत्वा पश्चात् च मधु यच्छन्ति।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) वृक्षः सर्वेभ्यः जीवेभ्यः **जीवनं** ददाति।

(ख) वनोपवनानां शोभा **वृक्षैः** एव भवति।

(ग) एतेषु केचित् वृक्षाः **फलवन्तः** भवन्ति केचित् च केवलं **छायाप्रदाः** भवन्ति।

(घ) विविधाः लताः वृक्षस्य **आश्रयं** नयन्ति।

(ङ) मधुमक्षिकाः **पुष्परसं** पिबन्ति।

3. सही कथनों पर (✓) का चिह्न लगाइए–

उत्तर (क) ✓ (ख) ✓

(ग) ✓ (घ) ✗ (ङ) ✓

व्याकरण कौशल

4. निम्नलिखित शब्दों की विभक्ति और वचन लिखिए–

उत्तर (क) सर्वेभ्यः	=	**चतुर्थी, पञ्चमी**	**बहुवचनम्**
(ख) वृक्षैः	=	**तृतीया**	**बहुवचनम्**
(ग) अनेके	=	**प्रथम**	**बहुवचनम्**
(घ) मधुमक्षिकाः	=	**प्रथमा**	**बहुवचनम्**
(ङ) वृक्षेषु	=	**सप्तमी**	**बहुवचनम्**

5. दिए गए शब्दों को अर्थ सहित अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

उत्तर (क) केचित् = **कुछ**

केचित् जनाः परोपकारिणः भवन्ति।

(ख) काष्ठम् = **लकड़ी**

वयं **काष्ठं** वृक्षेभ्यः प्राप्नुमः।

(ग) फलवन्तः = **फल देने वाले**

फलवन्तः वृक्षाः छायामपि यच्छन्ति।

(घ) शोभमन् = **सुंदर**

इदम् उपवनम् अति **शोभनम्** अस्ति।

(ङ) ददाति = **देता है**

वृक्षः अस्मभ्यं जीवनं **ददाति**।

अनुवाद कौशल

6. हिंदी में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) वृक्ष सभी जीवों को जीवन देता है।

(ख) ये वृक्ष छाया भी देते हैं।

(ग) इनमें कुछ वृक्ष विशाल आकार के होते हैं।

(घ) विविध लताएँ वृक्ष का आश्रय लेती हैं।

7. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) सर्वेषु रत्नेषु वृक्षाः श्रेष्ठतमाः सन्ति।

(ख) केचित् वृक्षाः फलवन्तः लघवश्च भवन्ति।

(ग) केचित् वृक्षाः विशालाः केचित् च लघवः भवन्ति।

(घ) खगाः वृक्षेषु नीडानि रचयन्ति।

(ङ) वृक्षाः उष्णतां हृत्य शैत्यं प्रयच्छन्ति।

7 सुभाषितानि

हिन्दी अनुवाद–

पुस्तकीय ज्ञान और दूसरे के हाथ में गया हुआ धन, कार्य पड़ने पर किसी काम का नहीं होता अर्थात् वह ज्ञान और वह धन कार्य पड़ने काम नहीं आता है।

हाथ का गहना दान है, कंठ का गहना सत्य है, कान का गहना शास्त्र है तो कृत्रिम गहनों का प्रयोजन क्या है अर्थात् कृत्रिम गहने व्यर्थ हैं।

जो–जो दूसरे के अधीन कार्य है, वह यत्नपूर्वक छोड़ देना चाहिए। जो–जो आत्मवश हो उसे यत्नपूर्वक करना चाहिए।

जिस देश में न सम्मान, न स्नेह, न बंधु और न कोई विद्वान हो, उस देश में एक दिन भी नहीं रहना चाहिए।

सभी सुखी हो, सभी नीरोग हों, सभी कल्याणकारी देखें, कोई भी दुख का भागी न हो।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) हस्तस्य भूषणं दानं भवति।

(ख) श्रोत्रस्य भूषणं शास्त्रं भवति।

(ग) कण्ठस्य भूषण सत्यं भवति।

(घ) यस्मिन् देशे न सम्मानः, न सनेहः, न बन्धु न च विद्वान् भवेत् तत्र न वसेत्।

(ङ) सर्वे जनाः सुखिनः, निरोगाः भवेयुः कल्याणकरं च पश्येयुः, कश्चिदपि दुःखभागी न भवेत्।

2. निम्नलिखित श्लोकों को पूरा कीजिए–

उत्तर (क) पुस्तकस्था तु या विद्या **परहस्तगतं धनम्।**

(ख) यत् यत् **परवशं कर्म तत् तत् यत्नेन वर्जयेत्।**

(ग) हस्तस्य भूषणं दान **सत्यं कण्ठस्य भूषणम्।**

(घ) यस्मिन् बान्धवाः देशे न सम्मानो न प्रीतिः न च बानधवाः

(ङ) सर्वे भद्राणि पश्यन्त **मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।**

3. सही वाक्य के सामने 'आम्' तथा गलत वाक्य के सामने 'न' लिखिए–

उत्तर (क) पुस्तकस्था विद्या कार्यकाले लाभकारी भवति। **न**

(ख) हस्तस्य भूषणं दानम् अस्ति। **आम्**

(ग) सर्वे भद्राणि पश्यन्तु। **आम्**

(घ) सर्वे सुखिनः न भवन्तु। **न**

(ङ) असत्यः कण्ठस्य भूषणम् अस्ति। **न**

व्याकरण कौशल

4. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

उत्तर (क) विद्या = **विद्या** सर्वधनं प्रधानं कथ्यते।

(ख) सत्यः = **सत्यः** सदा जयति।

(ग) कर्म = मानवः सदा सत् **कर्म** एव कुर्यात्।

(घ) सम्मानः = वार्षिकोत्सवे शिक्षामन्त्री महोदयस्य **सम्मानः** अभवत्।

(ङ) निरामयाः = सर्वे मानवाः **निरामयाः** भवेयुः।

अनुवाद कौशल

5. श्लोकों के अंशों का सही मिलान कीजिए और अर्थ लिखिए–

उत्तर

(क) श्रोत्रस्य भूषणम्	(i) या विद्या
(ख) मा कश्चित्	(ii) दानम्
(ग) पुस्तकस्था तु	(iii) शास्त्रम्
(घ) हस्तस्य भूषणं	(iv) न सम्मानो
(ङ) यस्मिन् देशे	(v) दुःखभाग् भवेत्

8 डॉ० राजेन्द्रप्रसादः

हिन्दी अनुवाद–

देशरत्न डॉ० राजेन्द्रप्रसाद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। उनका कार्यकाल प्रायः दस वर्षों का था। उस समय देश की उत्तम प्रगति थी।

डॉ० राजेन्द्र प्रसाद का जन्म 1884 ई० में दिसंबर महीने की 3 ता० में बिहार के सारण मंडल में जीरादेई गाँव में हुआ था। शिक्षा के प्रारंभिक काल से ही ये बहुत मेधावी थे। 1900 ई० में 'इंट्रेन्स' परीक्षा में इन्होंने संपूर्ण कोलकाता विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पाया। इन्होंने एम० ए०, एम० एल० परीक्षाओं में भी सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी उनकी योग्यता और विद्वत्ता से मुग्ध थे। शिक्षा समाप्त करके वे शुरू में कोलकाता में उसके बाद पटना शहर में उचच न्यायालय में वकील बने। वकीलों में उनकी प्रतिष्ठा उत्तम और धनार्जन अत्याधिक था।

किंतु महापुरुषों का जन्म आत्मसुख के लिए नहीं होता है।

महापुरुष तो सभी के सुख और हित के लिए जीते है। 1917 ई० में बिहार के चम्पारण में गाँधी जी ने अंग्रेजी शासन के विरोध में आन्दोलन शुरू किया तब राजेन्द्र जी उनके शिष्य बने। उन्होंने वकील का पद और धनार्जन छोड़ दिया और देश सेवा का व्रत स्वीकार किया 1934 ई० में जब बिहार में भीषण भूकंप आया तब उन्होंने लोगों को बड़ी सेवा की।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गाँधी जी के अनुयायियों में राजेंद्र जी विशिष्ट थे। वे निष्ठावान, उत्साही, परिश्रमी और स्वत्रंता संग्रामी थे। 1921 ई० के असहयोग आन्दोलन में, 1942 ई० के 'भारत छोड़ो आन्दोलन में और अन्य स्वतंत्रता अन्दोलनों में उन्होंने बहुत बार कारावास भी सहा। 1947 ई० में जब देश स्वतंत्र हो गया तब राजेन्द्र जी प्रथम खाद्यमंत्री बने। उसके बाद उन्होंने देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद अलंकृत किया। 28 फरवरी, 1963 ई० में उनका देहावसान हो गया।

राजेंद्र प्रसाद स्वभाव से सरल और मधुर भाषी थे। वे भारतीय संस्कृति के प्रशंसक और संवर्धक थे। 'सरल जीवन, उच्च विचार' इनका प्रत्यक्ष उदाहरण था। उन्होंने आजीवन भारतीय वस्त्र पहने। सत्य और सरलता उनके जीवन के मंत्र थे। इन महापुरुष की महान देश सेवा और उत्तम चरित्र हमारे द्वारा अनुकरणीय है।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) डॉ० राजेन्द्रप्रसादस्य जन्म बिहारस्य सारणमण्डले 'जिरादेई' ग्रामेऽभवत्।

(ख) एषः महाभागः पटनानगरे उच्चन्यायालये अधिवक्ता अभवत्।

(ग) राजेन्द्रमहोदयः निष्ठावान् उत्साही, परिश्रमी स्वतन्त्रता सङ्ग्रमी च आसीत्।

(घ) 28 फरवरी 1963 तमे ईसवीये अस्य महाभागस्य देहावसानमभवत्।

(ङ) राजेन्द्र महोदयस्य सत्यः सरलता च जीवनमन्त्रौ आस्ताम्।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) डॉ० राजेन्द्रप्रसादः **स्वतन्त्रभारतस्य** प्रथमः राष्ट्रपतिः आसीत्।

(ख) एषः सम्पूर्णे **कोलकाता विश्वविद्यालये** प्रथमं स्थनमलभत।

(ग) ततः सः देशस्य प्रथमं **राष्ट्रपतिपदं** चालङ्कृतवान्।

(घ) **सत्यः** सरलता च तस्य जीवनमन्त्रौ आस्ताम्।

(ङ) स्वतन्त्रतायाः आन्दोलनेषु सः बहु वारं **कारावासमपि** असहत।

3. निम्नलिखित वाक्यों मे ंअनुचित क्रियाओं पर (✗) का चिह्न लगाइए–

उत्तर (क) डॉ० राजेन्द्रप्रसादः प्रथमः राष्ट्रपतिः आसीत्/अ✗न्।

(ख) महापुरुषाणां जन्म आत्मसुखाय न भवति/भ✗।

(ग) वयं डॉ० राजेन्द्रप्रसादस्य आत्मकथां पठिष्यामः/पठि✗न्ति।

(घ) आश्रमे शिष्याः व्यायामं प्रार✗धवान्/प्रारब्धवन्तः।

(ङ) यूयं विद्यालये इतस्ततः धावनं न करिष्यथ/करि✗ामः।

व्याकरण कौशल

4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए और वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

उत्तर (क) अधिवक्ता = **वकील**

डॉ० प्रसाद महोदयः प्रसिद्धः **अधिवक्ता** आसीत्।

(ख) राष्ट्रभक्तः = **राष्ट्र का भक्त**

भगत सिंहः महान्–**राष्ट्रभक्तः** आसीत्।

(ग) निष्ठावान् = **निष्ठा वाले**

महात्मा विदुर **निष्ठावान्** आसीत्।

(घ) अनुकरणीयः = **अनुकरण के योग्य**

अस्य महाभागस्य विचारम् : **अनुकरणीयः** अस्ति।

(ङ) संवर्धक = **बढ़ाने वाला**

एषःदेशस्य महान् **संवर्धकः** आसीत्।

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–

उत्तर (क) दशवर्षाण्यासीत् = **दस वर्षों का था**

(ख) अधिवक्ता = **वकील**

(ग) प्रारब्धवान् = **प्रारंभ किया**

(घ) कारावासः = **जेल**

6. संधि-विच्छेद कीजिए-

उत्तर (क) एषाऽतीव = एषा + अति + इव

(ख) इत्येतस्य = इति + एतस्य

(ग) परीक्षयोरपि = परीक्षयो: + अपि +

(घ) जनसेवामकरोत् = जन + सेवाम् + अकरोत्

(ङ) अनुकरणीयमेवास्ति = अनुकरणीयम् + एव + अस्ति

अनुवाद कौशल

7. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-

उत्तर (क) अस्माकं प्रथमस्य राष्ट्रपते: जन्म कदा अभवत्?

(ख) डॉ॰ राजेन्द्रप्रसाद: एक: प्रमुख: स्वतन्त्रता सङ्ग्रामी आसीत्।

(ग) गान्धिमाहभगेन सह राजेन्द्रप्रसाद: कारावासेऽपि अगच्छत्।

(घ) महापुरुषाणां जीवनं सरलं विचाराश्च उच्चा: भवन्ति।

(ङ) अध्ययनं समाप्य राजेन्द्र प्रसाद: अधिवक्ता अभवत्।

9 परिश्रमस्य फलम्

हिन्दी अनुवाद–

एक गाँव में एक धनी आदमी था। उसका नाम लक्ष्मीदास था। लक्ष्मीदास के पास अनेक खेत थे। उसने अपने खेतों के खेती कार्य में अनेक नौकरों और सेवकों को लगा रखा था। किंतु लक्ष्मीदास बहुत आलसी था। वह कभी-कभी अपने खेत के निरीक्षण के लिए जाना चाहता था। वह हमेशा अपने नौकरों और सेवकों को भेजकर सभी कृषि-कार्य कराता था।

खेतों में नौकर और सेवक स्वेच्छानुसार कार्य करते थे। वे खेतों में थोड़े समय के लिए काम करके बहुत समय तक इधर-उधर घूमते हुए और व्यर्थ की बातें करते हुए काम करते थे। परिणामस्वरूप लक्ष्मीदास के खेतों की उत्पादन क्षमता कम हो गई। खेतों में बहुत कम धान आदि हुआ। थोड़े समय में ही वह दरिद्र हो गया। उसी गाँव में चरणदास नाम का एक अन्य किसान भी रहता था। उसके पास खेत नहीं थे। वह लक्ष्मीदास की कुछ जमीन लेकर कृषि-कार्य करता था। वह बहुत परिश्रमी था। वह मजदूरों के साथ जाकर खेत में दृढ़ होकर परिश्रम करता था। वह ठीक प्रकार से सिंचाई आदि कार्य समय पर करता था। समय के अनुसार उपजाऊ शक्ति बढ़ाने वाले पदार्थ फेंकता था और श्रमिक बीज बोते थे। चरणदास के परिवार के सदस्य भी उसका सहयोग करते थे। उसने राजकर निकाल कर भी बहुत अन्न उगाया। थोडे समय में ही वह धनी हो गया।

लक्ष्मीदास जब निर्धन हो गया तब उस पर महाजनो का कर्जा आ गिरा। इस प्रकार एक बार वह भूमि बेचने के लिए तैयार हो गया। बेचने की बत सुनकर चरणदास उसके पास गया और बोला– ''मैंने सुना है कि आप अपनी भूमि बेचना चाहते हैं। कृपया आप अपनी भूमि मेरे हाथ दे दें मैं कम मूल्य नहीं दूँगा।'' लक्ष्मीदास ने आश्चर्य सहित पूछा– ''मित्र चरणदास! मेरे पास तो बहुत जमीन थी फिर भी मैं ऋणी हो गया किंतु तुमने यह धन किस रूप में प्राप्त किया और फिर तुम कुछ भूमि लेकर ही कृषि-कार्य आदि करते हो और इसी कार्य से राजकीय ऋण भी दे दिया, गृहस्य धर्म का भी पालन किया, फिर भी भूमि खरीदने के लिए मूल्य देने के लिए कैसे कह रहे हो?'' चरणदास बोला– ''यह धन मुझे किसी भी ने नहीं दिया धन तो मैंने परिश्रम करके उगाए धान्यों से पाया है। अब लक्ष्मीदास समझ गया कि धन-धान्य आदि परिश्रम से ही पाया जाता है, आलसी होकर नहीं।''

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) लक्ष्मीदास: कृषिकर्मणि अनेकान् भृत्यान् सेवकाञ्च नियोजितवान्।

(ख) लक्ष्मीदासस्य भृत्या: सेवका: च अलसा: कर्मचौराश्च आसन्।

(ग) चरणदास: स्व परिश्रमेण धनिक: अभवत्।

(घ) निर्धनो ऋणी च भूराा लक्ष्मीदास: भूमिं विक्रेतुम् उद्यतो जात:।

(ङ) चरणदास: लक्ष्मीदासम् अवदत् यत् 'एतद् धनं मह्यं केनापि न प्रदत्तम्। एतद् धनं तु मया परिश्रमं कृत्वा उत्पादनधान्यै: प्राप्तम् इति।'

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) लक्ष्मीदास: बहु **प्रमादी** आसीत्।

(ख) क्षेत्रेषु **भृत्या: सेवका:** च स्वेच्छानुसारं **कार्यं** कुर्वन्ति स्म।

(ग) परिणामत: लक्ष्मीदास स्म **क्षेत्रोत्पादन** क्षमता **क्षीणा** अभवत्

(घ) अल्प **काले** स: धनिक: अभवत्।

(ङ) मम पार्श्वे तु **बहुभूमिरासीत्** पुनरपि अहम् ऋणी जात:।

व्याकरण कौशल

3. संधि कीजिए–

उत्तर (क) पुन: + च = पुनश्च

(ख) निर्धन: + अभूत् = निधनोऽभूत्

(ग) केन + अपि = केनापि

(घ) भूमि: + आसीत् = भूम्रिासीत्

(ङ) ऋणम् + अपि = ऋणमपि

(च) तस्य + उपरि = तस्योपरि

4. संधि-विच्छेद कीजिए–

उत्तर (क) निधनोऽभूत् = निर्धन: + अभूत्

(ख) सेवकाञ्च = सेवकान् + च

(ग) तस्योपरि = तस्य + उपरि

(घ) अनेनैव = अनेन + एव

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए और वाक्य बनाइए–

उत्तर (क) ऋणभारम् = **कर्ज का भार**

शनै: शनै: तस्योपरि **ऋणभारम्** अभवत्।

(ख) कृषिकार्यादिकम् = **कृषिकार्य आदि**

स: परिश्रमेण **कृषिकार्यादिकं** करोति स्म।

(ग) श्रमिक: = **मजदूर**

एष: **श्रामिक:** बहु परिश्रमी अस्ति।

(घ) अल्पकाल: = **थोड़ा समय**

कार्यं शीघ्रं समापयत, **अल्पकाल:** एव अधुना।

(ङ) कालक्रम = **समय के अनुसार**

परीक्षाया: को **कालक्रम:**?

(च) विक्रेतुम् = **बेचने के लिए**

स: फलानि **विक्रेतु** प्रतिदिनं नगरं गच्छति।

6. निम्नलिखित क्रियाओं की मूल धातु, पुरुष और वचन लिखिए–

उत्तर

	क्रियापदम्		मूलधातु:	पुरुष	वचनम्
(क)	आसन्	=	अस्	प्रथम:	बहुवचनम्
(ख)	अपृच्छत्	=	पृच्छ्	प्रथम:	एकवचनम्
(ग)	अभवम्	=	भू	उत्तम:	एकवचनम्
(घ)	इच्छति	=	इष्	प्रथम:	एकवचनम्
(ङ)	अवसत्	=	वस्	प्रथम:	एकवचनम्
(च)	अवसत्	=	कृ	प्रथम:	एकवचनम्

अनुवाद कौशल

7. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) लक्ष्मीदासस्य सेवका: भृत्याश्च इतस्तत: भ्रामान्ति।

(ख) अल्पसमये एव लक्ष्मीदास: निर्धनोऽभूत्।

(ग) चरणदास: स्व श्रमिकै: सह बहु परिश्रमं करोति स्म।

(घ) अहम् अल्पं मूल्यं न दास्यामि।

(ङ) मया एतत् धनं परिश्रमेण प्राप्तम्।

10 चन्द्रशेखर:

हिन्दी अनुवाद–

"तुम्हारा नाम क्या है?"

"आजाद!"

"तुम्हारे पिता कौन है?"

"स्वाभिमान।"

"तुम्हारा निवास-स्थान कहाँ है?"

"कारावास।"

ऐसा उत्तर था परम निर्भीक पंद्रह वर्षीय बालक चंद्रशेखर आजाद का। इन उत्तरों से क्रुद्ध अंग्रेज न्ययाधीश ने उन्हें पंद्रह बेंत मारने का आदेश दिया। चंद्रशेखर ने उस कठोर बेंत के प्रहार को सहर्ष सहा।

परमपुण्या वाराणसी नगरी महावीर चंद्रशेखर का जन्म स्थान थी। प्रसिद्ध 'क्वीन्स कॉलेज' नामक संस्कृत महाविद्यालय के

दीप्तिमान छात्र चंद्रशेखर ने स्वयं को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था। 'जलियाँवाला' कांड में अंग्रेजी शासन की नृशंसता सुनकर, विचलित होकर उन्होंने उस क्रूर शासन से देश की मुक्ति के लिए संकल्प किया। सशस्त्र संग्राम के लिए धन इकट्ठा करने के लिए अन्य सहयोगियों के साथ आजाद ने। 'काकोरी' नामक स्थान पर राजकोष छीन लिया। लाला लाजपतराय जी के घातक 'साण्डर्स' नामक अंग्रेज को उन क्रांतिकारियों ने मार दिया। केंद्रीय विधान सभा में इनके विस्फोट से अंग्रेजी शासन भी भयाक्रांत हो गया।

किंतु ओह! काल की कुटिल गति! 1931 ई० फरवरी महीने की 22 ता० थी। परमवीर चंद्रशेखर प्रयागनगर के 'अल्फ्रेड' नामक उद्यान में बैठे थे। अचानक वे अंग्रेज सैनिकों से घेर लिए गए। फिर भी बड़े सहास से अपनी पिस्तौल से उन्होंने अनेक अंग्रेज सैनिको को मार गिराया। किंतु आजाद अकेले थे और सैनिक बहुत संख्या में। इसलिए जब उनके पास एक ही गोली बची तब उन्होनें उस गोली से स्वयं को मार लिया। ऐसी वीरगति पाकर आजाद अंततः 'आजाद' ही रहे।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) चन्द्रशेखरः 'क्वीन्स कॉलेज' नामकस्य महाविद्यालयस्य छात्रः आसीत्।
(ख) चन्द्रशेखरस्य जन्मस्थानं परमपुण्या वाराणसी नगरी आसीत्।
(ग) 'काकारी' काण्डे आजादः राजकीयकोषम् अपहृतवान्।
(घ) 'अल्फ्रेड' उद्यानं प्रयागनगरे अस्ति।
(ङ) अन्तिमया अवशिष्टया गुलिकया आजादः आत्मानं निहतवान्।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) क्रुद्धः न्यायधीशः तस्मै **पञ्चदशवारं वेत्राघातम् आदिष्टवान्**।
(ख) देशस्य **मुक्तये** तेन सङ्कल्पः कृतः।
(ग) अनेन विस्फोटनेन शासनः अपि **भयाक्रान्तः** जातः।
(घ) अहो, कालस्य **कुटिला** गतिः।

3. सही कथनों पर (✓) का चिह्न लगाइए–

उत्तर (क) ✗ (ख) ✓ (ग) ✓ (घ) ✗

व्याकरण कौशल

4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–

उत्तर (क) वेत्राघातम् = बेंत का प्रहार
(ख) दीप्तिमान् = प्रतिभाशाली
(ग) मुक्तये = आजादी के लिए
(घ) गुलिका = गोली
(ङ) घातकः = मार देने वाला
(च) उपविष्टः = बैठा

5. संधि कीजिए–

उत्तर (क) महा + उदयस्य = महोदयस्य
(ख) आत्मानम् + एव = आत्मानमेव
(ग) सम् + कृतम् = संस्कृतम्
(घ) न्याय + अधीश = न्यायाधीशः

अनुवाद कौशल

7. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) चन्द्रशेखरः आजादः एकः महान् क्रान्तिकारी आसीत्।
(ख) चन्द्रशेखरः वाराणस्यां जन्म अलभत।
(ग) आजादः संस्कृतस्य छात्रः आसीत्।
(घ) आजादः अन्ततः आजादः अतिष्ठत्।

11 गृध्रमार्जारयोः कथा

हिन्दी अनुवाद–

एक वन में एक विशाल बरगद का पेड़ था। वहाँ एक जरद्गव नामक का गिद्ध रहता था। दूसरे पक्षी उस जरद्गव को अपने आहार से थोड़ा-थोड़ा देते थे। वह भी पक्षियों के बच्चों की रक्षा करता था।

एक बार दीर्घकर्ण नामक एक बिलाव पक्षियों के बच्चों को खाने के लिए वहाँ आ गया। उसे देखकर बच्चों ने भय से कोलाहल किया। वह सुनकर जरद्गव ने बिलाव को पूछा– "कौन हो तुम? यहाँ कैसे आए हो?" वह बोला– "मै बिलाव हूँ।" गिद्ध बोला– "बिलाव तो मांसप्रिय होते है। यहाँ पक्षियों के शावक निवास करते हैं। इसलिए यहाँ से तुम दूर जाओ, अन्यथा तुम्हें मार डालूँगा।" बिलाव बोला– "मैं नित्य गंगा में स्नान करके अहिंसा-व्रत का आचरण करता हूँ। आप बहुत ही धर्मपरायण हैं जानता हूँ। इसलिए

यहाँ धर्मवार्ता सुनने आया हूँ। मेरा विचार है– "अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है।"

इस प्रकार उस दुष्ट बिलाव ने गिद्ध का विश्वास जीत लिया। उसके बाद वह बिलाव प्रतिदिन पक्षियों के बच्चों को कोटर में ले जाकर खाता था। क्रमश: शिशुओं के अभाव से चिंतित पक्षियों ने इधर-उधर खोज की। उन्होंने वृक्ष के कोटर में हड्डियाँ देखीं। उन्होंने सोचा कि जरद्गव ने ही शिशुओं को खा लिया। इसलिए उन्होंने मिलकर उस जरद्गव को मार दिया। इसीलिए कहा जाता है– "किसी भी अपरिचित को जिसके कुल, स्वभाव से परिचित न हों वास नहीं देना चाहिए।"

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) गृध्र: विशाले वटवृक्षे वसति स्म।

(ख) गृध: मार्जारम् अवदत् यत् 'मार्जारा: तु मांसप्रिया: भवन्ति। अत्र पक्षिशावका: निवसन्ति। अत: अस्मात् त्वं दूरं गच्छ, अन्यथा त्वां मारयिष्यामि।'

(ग) मार्जार: प्रतिदिनं खगशिशून् कोटरे नीत्वा खादति स्म।

(घ) खगा: जरद्गवं हतवन्त:।

(ङ) अज्ञातकुलशीलस्य वासो न देय।

व्याकरण कौशल

2. निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलिए–

उत्तर (क) **ते**ऽपि तस्मै स्वाहारात् किञ्चित् **यच्छन्ति** स्म।

(ख) **खगशिशव:** कोलाहलं **कृतवन्त**:।

(ग) **यूयं** दूरं **गच्छत**।

(घ) **ते अवदन्**– "**वयं** मार्जारा:।"

(ङ) **वयं** चन्द्रं **दृष्टवन्त**:।

(च) **बका:** जरद्गवं **हतवन्त**:।

3. संधि कीजिए–

उत्तर

(क) खग:	पञ्चमी विभक्ति:	= खगात्	खगभ्याम्	खगेभ्य:
(ख) शिशु:	द्वितीया विभक्ति:	= शिशुम्	शिशू	शिशून्
(ग) भय:	सप्तमी विभक्ति:	= भये	भययो:	भयेषु
(घ) गुरु:	चतुर्थी विभक्ति:	= गुरवे	गुरुभ्याम्	गुरुभ्य:
(ङ) कोटर:	सप्तमी विभक्ति:	= कोटरे	कोटरयो:	कोटरेषु
(च) मार्जार:	तृतीया विभक्ति:	= मार्जारेण	मार्जाराभ्याम्	मार्जारै:

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए–

उत्तर (क) आगतवान् = किं वैभव: गृहम् **आगतवान्**?

(ख) खगशिशु = **खगशिशु:** कोलाहलं कृतवान्।

(ग) अवदत् = स: **अवदत्** यत् त्वम् इत: शीघ्रं गच्छ।

(घ) प्रतिदिनम् = स: **प्रतिदिनं** धावति।

(ङ) खादितवान् = मार्जार: अनेकान् खगशिशून् **खादितवान्**।

(च) अस्थीनि = तेन तानि **अस्थीनि** कोटरे स्थापितानि।

5. संधि-विच्छेद कीजिए–

उत्तर (क) स्वाहारात् = स्व + आहारात्

(ख) तत्रागतवान् = तत्र + आगतवान्

(ग) गृध्रोऽवदत् = गृध्र: + अवदत्

(घ) इतस्तत: = इत: + तत:

(ङ) सोऽवदत् = स: + अवदत्

(च) भवन्त्येव = भवन्ति + एव

6. संधि कीजिए–

उत्तर (क) स: + अपि = सोऽपि

(ख) महा + ऋषि: = महर्षि:

(ग) देव + देवालय: = देवालय:

(घ) यदि + अपि = यद्यपि

अनुवाद कौशल

7. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) वने एक: वटवृक्ष: आसीत्।

(ख) गृध्रस्य नाम जरद्गव: आसीत्।

(ग) अहिंसा परमोधर्म:।

(घ) दीर्घकर्ण: एक: मार्जार: आसीत्।

(ङ) अक्षाताय आश्रायो न देय:।

12 महाकवि: कालिदास

हिन्दी अनुवाद–

संस्कृत साहित्य में महाकवि कालिदास सभी कवियों में श्रेष्ठ हैं। इन कवि ने कब और कहाँ जन्म पाया और इनके जीवन चरित्र आदि के विषय में विद्वानों के विविध मत हैं। कालिदास के विषय में एक प्रसिद्ध किंवदंती है। विद्योत्तमा नाम की एक विदुषी राजकुमारी थी। ''जो मुझे ज्ञान द्वारा पराजित करेगा वह मेरा पति होगा,'' ऐसी उसकी घोषणा थी। अनेक विद्वानों ने उसके साथ शास्त्रार्थ किया किंतु वे सभी पराजित हो गए। पराजय से कुपित उन्होंने कपट से एक मूर्ख व्यक्ति से विद्योत्तमा का विवाह करा दिया। एक बार रात को ऊँट की आवाज सुनकर 'उट्र: उट्र:, ऐसा उसने मूर्ख व्यक्ति ने कहा। उसके इस अशुद्ध उच्चारण से विद्योत्तमा जान गई कि उसका विवाह एक मूर्ख व्यक्ति के साथ हुआ है, न कि विद्वान के साथ। इससे दुखी विद्योत्तमा ने उसे अपमानित करके घर से निकाल दिया।

पत्नी के ऐसे व्यवहार से अत्यधिक दुखी उस व्यक्ति ने महाकाली देवी की पूजा की। देवी की कृपा से इन्होंने अनुपम विद्वत्ता और कवित्व पाया, उसके बाद ये 'कालिदास नाम से प्रसिद्ध हो गए। तदनंतर कालिदास अपनी पत्नी विद्योत्तमा के समीप गए उन्हें देखकर विद्योत्तमा ने पूछा, अस्ति, 'कश्चित्', वृग्विशेष:, इन तीन पदों पर आश्रित क्रमश: 'क्रमारसम्भवम्, 'मेघदूतम्', 'रघुवंशम्', ये तीन काव्य रचे। महाकवि कालिदास की अनेक कृतियाँ हैं– 'रघुवंशम्', 'कुमार सम्भवम्',। ये दो महाकाव्य, 'मेघदूतम्', 'ऋतु संहारम्', ये गीतकाव्य, 'मालविकाग्निमित्रम्', विक्रमोर्वशीयम् 'अभिज्ञानशाकुन्तलाम्' ये तीन नाटक। इन रचनाओं में 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्', सर्वश्रेष्ठ कृति मानी गई है।

कालिदास ने अपनी रचनाओं ने विविध कथाओं, स्थानों और पात्रों का सजीव चित्रण किया। मेघदूत में यक्ष का विरह, अभिशान शाकुनतलम्, में शकुन्तलता का पतिग्रहगमन, रघुवंश में दिलीप की गोसेवा इत्यादि वर्णन बहुत ही आकर्षक है। वन, नदी, मेघ, वर्षा इत्यादि प्रकृति के विविध अंगों का सरस चित्रण किसके चित्तत को प्रसन्न नहीं करता है। उपमा अलंकार के प्रयोग में महाकवि सबसे बढ़कर हैं। इसलिए 'उपमा कालिदासस्य' उक्ति विख्यात ही है।

कालिदास के काव्य और नाटक संस्कृत साहित्यागार में अमूल्य रत्नों के समान चमकते हैं। उन अनुपम काव्य रचनाओं द्वारा अमर ये महाकवि 'कविकुलगुरू' उपाधि से प्रतिष्ठित हैं।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) संस्कृतसाहित्ये महाकवि: कालिदास: कविकुलगुरु: कथ्यते।

(ख) कालिदासस्य विवाह: एकया विदुष्या राजकन्यया विद्योत्तमया सह अभवत्।

(ग) कालिदासस्य द्वे महाकाव्ये स्त: रघुवंशम्, कुमार सम्भवम्।

(घ) दिलीपस्य गोसेवा रघुवंशकाव्ये अस्ति।

(ङ) कालिदासस्य सर्वश्रेष्ठं नाटकं अभिज्ञानशाकुन्तलम् अस्ति।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) महाकवि: कालिदास: सर्वेषु कविषु **श्रेष्ठोऽस्ति**।

(ख) य: मां **विद्यया** पराजेष्यति स: मम **पति:** भविष्यति।

(ग) तदनन्तरं कालिदास **स्वपत्नीं** विद्योत्तमां **निकषागच्छत्**।

(घ) उपमालङ्कारस्य प्रयोगे महाकवि: सर्वानतिशेते।

(ङ) **उपमा कालिदासस्य** इत्युक्ति: विख्यातैवास्ति।

व्याकरण कौशल

3. संधि-विच्छेद कीजिए–

उत्तर (क)	विद्योत्तमा	=	विद्या	+	उत्तमा
(ख)	मूर्खेणैव	=	मूर्खेण	+	एव
(ग)	एषोऽनुपमम्	=	एष:	+	अनुपमम्
(घ)	इत्युक्ति:	=	इति	+	उक्ति:
(ङ)	रत्नानीव	=	रत्नानि	+	इव

4. निम्नलिखित विग्रहों के समस्तपद लिखिए–

	विग्रह:		समस्तपदम्
उत्तर (क)	महान् चायं कवि:	=	महाकवि:
(ख)	विद्यायाम् उत्तमा	=	विद्योत्तमा
(ग)	राज्ञ: कन्या	=	राजकन्या
(घ)	मूर्ख: चासौ जन:	=	मूर्खजन:
(ङ)	नास्ति मूल्यं येषां तानि	=	अमूल्यानि

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए–

उत्तर (क) श्रेष्ठ = **तुच्छः** (ख) विरह = **मेलनम्**
(ग) जन्म = **मृत्युः** (घ) अमरः = **मर्त्यः**
(ङ) पण्डितः = **अपण्डितः** (च) गुरु = **शिष्यः**
(छ) निकषा = **दूरम्** (ज) **कुपितः** = **प्रसन्नः**

अनुवाद कौशल

7. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) कालिदासस्य विषये एका किंवदन्ती प्रसिद्धा अस्ति।
(ख) यः मां विद्यया पराजेष्यति स एव मम पतिः भविष्यति।
(ग) कालिदासेन त्रयाणां काव्यानां-रचना कृता।
(घ) कालिदासस्य उपमा प्रसिद्धा अस्ति।
(ङ) कालिदास कविकुलगुरुः नाम्ना प्रसिद्धः अस्ति।

13 उद्यान-भ्रमणम्

हिन्दी अनुवाद–

शिक्षक — माली! हम आपके बगीचे में आ रहे हैं। आपका बगीचा बहुत सुंदर है। अनेक लोग प्रतिदिन इस बगीचे में घूमने आते हैं। हम आपसे कुछ पूछना चाहते हैं।

माली — जैसा चाहो पूछो तुम सब। यदि मैं समर्थ होऊँगा तो दूँगा।

शिक्षक — माली! आपके बगीचे में कितने वृक्ष हैं?

माली — मेरे बगीचे में पाँच सौ से भी अधिक वृक्षा हैं।

एक छात्र — महाशय! आपके बगीचे में किस-किस फल के वृक्ष है?

माली — यहाँ आमों, केलों, जामुनों, शरीफों और शहतूतों के वृक्ष हैं।

दूसरा छात्र — क्या आपके बगीचे में लीचियों, सेबों, और नाशपातियों के के भी वृक्ष हैं?

माली — ये फल ठंडे प्रदेशों में होते हैं। मेरा बगीचा तो गर्म प्रदेश में स्थित है। लीचियाँ विशेष रूप से देहरादून में होती हैं। अन्य फल काश्मीर अथवा हिमाचल प्रदेश में उत्पन्न होते हैं।

तीसरा छात्र — क्या यहाँ नीम के वृक्ष नहीं हैं?

माली — वहाँ देखिए आप। वहाँ नीम, शीशम, सुहांजना, कचनार और दूसरे भी वृक्ष हैं। वे वृक्ष हमें छाया देते हैं।

शिक्षक — भद्र! तुम्हारे बगीचे में अब कौन-से फल पके हैं?

माली — अब तो आम और केले पके हैं।

शिक्षक — तो हमारे लिए आम लाओ। हम सभी कुएँ के जल से उन्हें धोकर खाएँगे और मूल्य देंगे।

माली — लाता हूँ कमरे से महोदय।

(माली जाता है, कुछ आम लाता है। लीजिए ये आम।

शिक्षक — अहा! बहुत सुंदर फल। ये फल बहुत मीठे होंगे।

माली — ये फल बहुत ही मीठे हैं।

शिक्षक — इनका कितना मूल्य है?

माली — केवल पचपन रुपये। (शिक्षक माली को पचपन रुपये देते हैं। उसके बाद सभी को आम देते हैं। छात्र कुएँ की ओर जाते हैं। वहाँ जल से आमों को धोकर सभी छात्र और शिक्षक उन्हें खाते हैं और प्रसन्न होते हैं।)

शिक्षक — मैं सभी के साथ इस समय बगीचे का आनंद अनुभव कर रहा हूँ। बगीचे में सुशोभित ये वृक्ष जैसे मधुर फल देते हैं, वैसे ही जीवनोपयोगी लकड़ी आदि भी देते हैं और वातावरण स्वच्छ करते हैं। ये वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत आवाश्यक हैं। इसलिए हम सभी बगीचों के संरक्षण और संवर्धन में संलग्न हों "वृक्षों की कटाई पाप है, वृक्षों का रोपण कल्याणकारी है।"

अभ्यास

लेखन कौशल

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

उत्तर (क) उद्याने आम्राणाम्, कदलीफलानाम्, जम्बूफलानाम् तूतानां च वृक्षा: सन्ति।

(ख) वातावरणं वृक्षा: स्वच्छं कुर्वन्ति।

(ग) मालाकार: कोष्ठात् आम्राणि आनयति।

(घ) मालाकारस्य उद्यानम् उष्णप्रदेशे स्थित: अस्ति।

(ङ) लीचीका: फलानि विशेषत: देहरादूननगरे भवन्ति।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

उत्तर (क) वयं भवत: **उद्याने** आगच्छाम:।

(ख) अधुना तु आम्राणि **कदलीफलानि** च पक्वानि सन्ति।

(ग) अहं यदि **शक्ष्यामि** तर्हि उत्तरं दास्यामि।

(घ) छात्रा: **कूपं** प्रति गच्छन्ति।

(ङ) वयं सर्वे **उद्यानानां** संरक्षणे संवर्धने च संलग्ना: भवेम।

व्याकरण कौशल

3. **निम्नलिखित शब्दों की वाक्य रचना संस्कृत में कीजिए–**

उत्तर (क) अधिका: = मम उद्याने शतादपि **अधिका:** वृक्षा: सन्ति।

(ख) वृक्षा: = **वृक्षा:** पर्यावरणसंशोधने सहायका: सन्ति।

(ग) फलस्य = भो:! **फलस्य** आवरणम् अवतार्य भक्षय।

(घ) मनोहराणि = एतानि पुष्पाणि तु अतीव **मनोहराणि** सन्ति।

(ङ) मूल्यम् = एतेषां फलानां कियत् **मूल्यम्**?

4. **निम्नलिखित शब्द रूपों के लिंग, विभक्ति एवं वचन लिखिए–**

	शब्द:	लिङ्गम	विभक्ति:	वचनम्
उत्तर (क)	भवन्त:	= पुंल्लिङ्गम्	प्रथमा	बहुवचनम्
(ख)	कस्य	= पुंल्लिङ्गम्, नपुंसकलिङ्गम्	षष्ठी	एकवचनम्
(ग)	मनोहराणि	= नपुंसकलिङ्गम्	प्रथमा, द्वितीया	बहुवचनम्
(घ)	अस्माभि	= उभयलिङ्गम्	तृतीया	बहुवचनम्

5. **हिंदी में अनुवाद कीजिए–**

उत्तर (क) हम आपके बगीचे में आ रहे हैं।

(ख) आपके बगीचे में किस-किस फल के वृक्ष हैं?

(ग) हम आपसे कुछ पूछना चाहते हैं।

(घ) मेरा बगीचा तो गर्म प्रदेश में स्थित है।

(ङ) ये फल बहुत ही मधुर हैं।

14 राजा शिवि:

हिन्दी अनुवाद–

एक धार्मिक करुणावन शिवि नाम के राजा थे। उनके धर्म की प्रसिद्धि यहाँ वहाँ सब जगह थी। इंद्र ने उनके धर्म की प्रसिद्धि की परीक्षा लेनी चाही। इसलिए उन्होंने बाज का रूप धारण करके माया से अग्नि को कबूतर के रूप में बदलकर शीघ्र उसका पीछा किया। बाज मनुष्य की वाणी में बोला– ''राजन्! मैं भूखा हूँ। यह कबूतर तुम्हारी गोद में आ गया है, यह कबूतर छोड़ दो। नहीं तो मैं भूख से मर जाऊँगा।''

तब धर्म संकट में डूबे शिवि बाज को बोले– ''हे अतिथिराज! यह कबूतर मेरी शरण में आ गया है इसलिए मैं इसे छोड़ नहीं सकता हूँ।'' बाज बोला– ''किंतु महाराज! यह कबूतर तो मेरा भोजन है। और फिर मैं भी तुम्हारी शरण में हूँ। मेरे प्रति तुम्हारा शरणार्थी समान व्यवहार.........''

राजा बोले– ''क्षमा कीजिए अतिथि महोदय! क्षमा कीजिए! मैं इसके बराबर तुम्हें मांस देता हूँ।'' ऐसा कहकर उस राजा ने प्रसन्नता से तलवार लेकर स्वयं ही अपना मांस काटकर तराजू में रख दिया किंतु कबूतर का भार अधिक था। बाज की भूख दूर करने के लिए शिवि स्वयं तराजू में बैठ गए। तब स्वर्गलोक पुष्पवृष्टि हुई।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

उत्तर (क) शिवि: धार्मिक: करुणापर: राजा आसीत्।

(ख) एकदा शिवे: परीक्षणाय इन्द्र: आगत:।

(ग) इन्द्र: श्येनरूपे आगत:।

(घ) कपोतस्य भार: मांसादधिक: आसीत्।

(ङ) राजा शिवि: श्येनस्य क्षुधार्थं स्वयं तुलायाम् उपविष्ठ:।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) इन्द्र: तस्य धर्मस्य **परीक्षणाय** ऐच्छत्।

(ख) अहं क्षुधित: **अस्मि**।

(ग) नोचेदहं नूनं क्षुधाया: **मृतो** भविष्यामि।

(घ) कपोतोऽयं **मम** शरणागत:।

(ङ) स: राजा प्रसन्नतया खड्गमादाय स्वयमेव आत्ममांसं समुत्कृत्य तुलायां **स्थापयत्**।

व्याकरण कौशल

3. निम्नलिखित कथन 'शुद्ध' है अथवा 'अशुद्ध'?

उत्तर (क) एक करुणापर: शिवि: धार्मिक: आसीत्। **शुद्ध**

(ख) कपोतरूपे इन्द्र: आसीत्। **अशुद्ध**

4. संधि-विच्छेद कीजिए–

उत्तर (क) तवाङ्के = तव + अङ्के

(ख) शरणागत: = शरण + आगत:

(ग) नासीत् = न + आसीत्

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए–

उत्तर (क) ऐच्छत् = **चाहा**

(ख) धृत्वा = **धारण करके**

(ग) उवाच = **बोला**

(घ) क्षम्यताम् = **क्षमा कीजिए**

5. निम्नलिखि वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) शिवि: खगस्य वधं न अकरोत्।

(ख) राजा स्वात्मानम् अदण्डयत्।

(ग) राजा स्वशरीरं खड्गेन अकृन्तत्।

(घ) श्येनरूपे इनद्र: आसीत्।

(ङ) आकाशात् पुष्पवृष्टि: अभवत्।

15 कल्पित: भिक्षुक

हिन्दी अनुवाद–

एक भिक्षुक था। वह प्रतिदिन भिक्षाटन करता था। भिक्षा से संचित धन से वह गेहूँ का आटा खरीदता था। वह बहुत ही कंजूस था। इसलिए वह आटे को न खाकर एक मिट्टी के घड़े में इकट्ठा करता था। यह घड़ा उसके बिस्तर के पास खूँटी पर टँगा हुआ था।

एक बार उसने सोते हुए सोचा– ' शीघ्र ही गेहूँ के आटे से मैं घड़े को भर लूँगा। आटे से भरे घड़े को बाजार ले जाऊँगा। वहाँ सारा आटा बेचूँगा। उससे बहुत सारा धन आएगा। उस धन से एक गाय खरीदूँगा। गाय से पर्याप्त दूध होगा। दूध की एक बूँद भी बिना मूल्य के किसी को भी नहीं दूँगा। दूध बेचने से जो धन आएगा उससे एक सुंदर घर बनाऊँगा। उसके बाद विवाह करूँगा और सुख से रहूँगा।'

भिक्षुक ने आगे सोचा– 'कभी मेरी पत्नी अपने पिता के घर जाने के लिए बोलेगी। मैं मना करूँगा। वह अधिक प्रार्थना करेगी, बार–बार उसके लिए बोलेगी, मैं गुस्सा हो जाऊँगा। गुस्से से उस हठी पत्नी को पैर से मारूँगा।' ऐसा सोचते हुए उस भिक्षुक ने आटे से भरे उस घड़े को ही पैर से मार दिया। मिट्टी का घड़ा फूट गया और जमीन पर फैल गया। काल्पनिक के सुख का मूल ही नष्ट हो गया। इसी तरह परिश्रमहीन व्यक्ति का केवल कल्पना किया गया सुख दुख के लिए ही होता है। कहा है–

"परिश्रम से ही कार्य सिद्ध होते हैं, मनोरथों से नहीं।"

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) भिक्षुक प्रतिदिनं भिक्षाटनं करोति स्म।

(ख) घट: एकस्मिन् नागदन्ते लम्बमान: आसीत्।

(ग) भिक्षुक: अचिन्तयत् यत् शीघ्रमेव गोधूमचूर्णेन अहं घटं पूरयिष्यामि। चूर्णपूरित घटं हट्टं नेष्यामि। तत्र सम्पूर्णं चूर्णं विक्रेष्यामि। तेन प्राप्तेन धनेन एकां धेनुं क्रेष्यामि। यस्या: दुग्धस्य बिन्दुमपि विना मूल्येन कस्मै

अपि न दास्यामि। सर्वं दुग्धं तेन धनेन एकं सुन्दरं भवनं निर्मापयिष्यामि। ततः विवाहं कृत्वा सुखेन निवसिष्यामि। यदा मम भार्या मभिनिषेधिते अपि स्व पितृगृहं गन्तुं, वारं वारं वदिष्यति तदा। क्रोधेन ताम् अबाध्यां पत्नीं पादेन ताडयिष्यामि इति।

(घ) चूर्णपूरितः घटः पादे ताडनेन भग्नः।

(ङ) दुःखाय कल्पितं सुखं भवति।

2. उपयुक्त शब्दों रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) भिक्षुकः अतीव **कृपणः** आसीत्।

(ख) पादेन **अबाध्यां** पत्नीं ताडयिष्यामि।

(ग) **कल्पितं** सुखं दुःखाय एव भवति।

(घ) **तेन** धनेन धेनुं क्रेष्यामि।

(ङ) भिक्षुकः **चूर्णपूरितं** घटमेव पादेन अताडयत्।

व्याकरण कौशल

3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए और वाक्य बनाइए।

उत्तर (क) भिक्षया = **भिक्षा द्वारा**

अयं साधु **भिक्षया** स्व जीवनं यापयति।

(ख) शय्यायाम् = **बिस्तर पर**

भिक्षुकः शीघ्रमेव शय्यांयां शयितः।

(ग) विक्रेष्यामि = **बेचूँगा**

अहम् एनां धेनुं न विक्रेष्यामि।

(घ) निर्मापयिष्यामि = **बनाऊँगा**

तेन धनेन अहं सुन्दरं गृहं निर्मापायिष्यामि।

(ङ) तदर्थम् = **उसके लिए**

सा तदर्थं मुहुर्मुहुः वदिष्यति।

(च) मनोरथैः = **मनोरथों से**

कार्याणि परिश्रमेण सिद्धयन्ति मनोरथैः न।

4. संधि-विच्छेद कीजिए–

उत्तर (क)	मृद्घटे	=	मृद्	+	घटे
(ख)	चूर्णपूरितम्	=	चूर्ण	+	पूरितम्
(ग)	घटमेव	=	घटम्	+	एव
(घ)	गोधूमचूर्णम्	=	गोधूम	+	चूर्णम्
(ङ)	मूलमेव	=	मूलम्	+	एव

5. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण छाँटकर लिखिए–

उत्तर (क) कृपणः (ख) सुन्दरं

(ग) चूर्णपूरितः (घ) कल्पितं

(ङ) मधुरं

6. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) दुग्धस्य एकं बिन्दुमपि अहं कस्मै अपि न दास्यामि।

(ख) मम भार्या मुहुर्मुहुः गृहं गन्तुं कथयिष्यति।

(ग) अहं तां पादेन ताडयिष्यामि।

(घ) धनंम् एकत्रितं कृत्वा गृहं निर्मापयिष्यामि।

(ङ) परिश्रमेण कार्याणि सिद्धयन्ति।

16 आज्ञाकारी शिष्यः

हिन्दी अनुवाद–

प्राचीनकाल में एक धौम्य नाम के महर्षि थे। उनके अनेक शिष्य थे। उनमें आरुणि नाम का भी शिष्य था। एक बार बादल बरसने पर गुरु जी ने आरुणि को आदेश दिया– ''वत्स! खेत की मेड़ बाँधकर रक्षा करो।''

आरुणि वह सुनकर शीघ्र गया। वहाँ सभी जलमार्गों को मिट्टी से बाँधा किंतु एक मार्ग को बाँधने में असमर्थ रहा। मिट्टी जल के वेग से वहाँ ठहर न सकी। तब आरुणि स्वयं ही वहाँ लेट गया। उसके बाद जल का प्रवाह बंद हो गया।

वैसे रहते हुए वह दिन बीत गया। सायंकाल उसे न देखकर ऋषि ने शिष्यों को पूछा– ''कहाँ गया आरुणि।'' उन्होंने उत्तर दिया– ''आप ही ने भेजा खेत की मेंड बाँधने के लिए।'' तब ऋषि बोले– ''तो

हम सब वहाँ जाते है जहाँ वह आरुणि गया है।'' उसके बाद सभी खेत की ओर गए।

''हे आरुणि! कहाँ हो? वत्स! यहाँ आओ! गुरूजी ने उच्च स्वर से कहा।''

आवाज सुनकर आरुणि खेत की मेंड़ से उठकर गुरु जी के सामने उपस्थित हुआ और बोला–

''यह हूँ भगवन्! निकलते जल को रोकने के लिए खेत की मेंड़ में लेटा था। आज्ञा दीजिए अब क्या करूँ?''

आरुणि द्वारा ऐसा कहने पर ऋषि गुरु भक्ति से विस्मित हुए और स्नेह से बोले– ''वत्स! तुम मेरे अभूतपूर्व शिष्य हो तुम्हारा कल्याण हो! सभी वेद और शास्त्र तुम्हें प्रतिभासित हो जाएँ। यही मेरा आशीर्वाद है।''

उसके बाद आरुणि ने गुरु जी की कृपा से थोड़े समय में ही सभी विद्याएँ सीख लीं।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) आरुणि: महर्षे: धौम्यस्य शिष्य: आसीत्।

(ख) गुरु:आरुणिं केदारखण्डं बद्धुम् आदिशत्।

(ग) जलस्य प्रवाह: आरुणिणा जलमार्गे स्वयं शयिते रुद्धोऽभवत्।

(घ) आरुणिन: गुरुभक्त्या: विस्मितो भूत्वा गुरु: अवदत् यत्– ''वत्स! त्वं मम अभूतपूर्व: शिष्य:। कल्याणं ते भवतु! सर्वे वेदा: शास्त्राणि च तव प्रतिभान्तु। अयं हि मम आशीर्वाद:।''

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) आरुणि: तत् श्रुत्वा त्वरितम् अगच्छत्।

(ख) तथा संस्थितस्य तस्य तद्दिनं व्यतीतम्।

(ग) तदा आरुणि: स्वयमेव तत्र समाविशत्।

(घ) ततो जलस्य प्रवाहो रुद्धोऽभवत् ।

(ङ) तथा संस्थितस्य तद्दिनं व्यतीतम्।

3. सही कथनों पर (✓) का चिह्न लगाइए–

उत्तर (क) ✗ (ख) ✓

(ग) ✗ (घ) ✓ (ङ) ✓

व्याकरण कौशल

4. निम्नलिखित शब्दों के काल और पुरुष लिखिए।

उत्तर (क) अभवत् = **भूतकाल:** **प्रथम: पुरुष:**

(ख) गत: = **भूतकाल:** **प्रथम: पुरुष:**

5. हिंदी में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) यह हूँ भगवन्!

(ख) आज्ञा दीजिए क्या करूँ अब?

(ग) वत्स! तुम मेरे अभूतपूर्व शिष्य हो।

(घ) तुम्हारा कल्याण हो।

(ङ) सभी वेद और शास्त्र तुम्हें प्रतिभासित हो जाएँ।

संस्कृत भाग 7

1 वन्दना

हिन्दी अनुवाद–

1. जो अपनी कृपा से गूँगे को बोलने में सक्षम बनाता है, लँगड़े को पर्वत लँघाता है, उस परम आनंद माधव (परमात्मा) को वंदन करता हूँ।

2. जो सभी प्राणियों का रक्षक है, सुख-शांति प्रदान करने वाला है, जिसके सभी लोग भक्त हैं, उस परमेश्वर की वंदना करता हूँ।

3. अनेक लोग जिसे राम कहते हैं, दूसरे रहीम कहते हैं, मैं सभी प्राणियों के उस एक ईश को सदा भजता हूँ।

4. एक ईश्वर हमारा पिता है, एक ही पृथ्वी माता है। उन दोनों को सादर प्रणाम करते हैं, हम सभी भाई हैं।

5. जिसके अनंत नाम हैं और बहुत सारे मंदिर और जिसे धर्म-मार्ग द्वारा प्राप्त किया जा सकता है, उस प्रभु को मैं सदा नमन करता हूँ।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) परमानन्दमाधवः (परमात्मा) पङ्गुं गिरिं लङ्घयते।

(ख) सर्वलोकानां रक्षकः परमेश्वरः।

(ग) ईशं रामरहीम इति कथयन्ति।

(घ) वयं सादरं ईशधरे प्रणमामः।

(ङ) प्रभोः नामानि अनन्तानि।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) यत्कृपा तमहं **परमानन्दमाधवम्**।

(ख) रक्षकः **सर्वलोकानां सुखशान्ति** प्रदायकः।

(ग) रामं **कथयन्त्यनेकाः रहीम इति** चापराः।

(घ) सादरं **प्रणमामस्तौ वयं सर्वे** सदोहराः।

(ङ) यस्य **नामान्यनन्तानि मन्दिराणि बहूनि च।**

धर्ममार्गश्च यं प्राप्तुं तं नमामि सदा प्रभुम्।

3. निम्नलिखित शब्दों का मिलान कीजिए–

उत्तर

(क) मूकम्	(i) सर्वलोकानाम्
(ख) रक्षकः	(ii) धरा
(ग) जनाः	(iii) अनन्तानि
(घ) जननी	(iv) वाचालम्
(ङ) नामानि	(v) भक्ताः

व्याकरण कौशल

4. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए–

उत्तर (क) परमानन्दः	= **परम**	= **आनन्दः**
(ख) सर्वलोकानाम्	= **सर्व**	= **लोकानाम्**
(ग) चापराः	= **च**	= **अपराः**
(घ) एकैव	= **एक**	= **एव**
(ङ) सहोदराः	= **सह**	= **उदराः**

अनुवाद कौशल

5. नीचे लिखे श्लोक का हिंदी में अनुवाद कीजिए–

एक ईश्वर हमारा पिता है, एक ही पृथ्वी माता है।

उन दोनों को सादर प्रणाम करते हैं, हम सभी भाई हैं।

2 गृहीत: चौर

हिन्दी अनुवाद–

प्राचीन समय में धर्मदास नाम का कोई किसान था। उसकी नंदिनी नाम की एक सुंदर गाय थी। वह उसे पूरे स्नेह और जी-जान से पालता था।

एक रात चोर उसकी गाय चुरा ले गया। सुबह उठकर धर्मदास देखता है कि उसकी गाय घर में नहीं है। उसने साचा कि निश्चित ही मेरी नंदिनी चुरा ली गई है। यहाँ-वहाँ जाकर वह गाय के चोरी हो जाने की बात कहता है और स्वयं उसकी खोज करता है। किंतु नंदिनी कहीं भी नहीं मिलती है। अपनी नंदिनी को न पाकर वह दुखी होता है।

अगले महीने वह दूसरी गाय खरीदने पशु-बाजार जाता है। वहाँ बेचने लाई गई एक गाय देखता है। जब वह उस गाय को लेने आगे जाता है तभी वह कहता है कि यह तो मेरी नंदिनी है। गाय भी स्वामी को देखकर उसकी ओर रँभाती है।

चोर बोलता है, ''अरे! यह तो बहुत सालों से मेरे पास है। ऐसी कोई दूसरी गाय होगी। यह आपकी नहीं है।''

यह सुनकर जल्दी से गाय की आँख बंद करके धर्मदास उस चोर को कहता है- ''यदि बहुत सालों से यह गाय तुम्हारे घर में थी तो तुम इससे ठीक तरह परिचित होगे। तो कहो यह किस आँख से कानी है। ''वह चुराई गाय के अंगों से परिचित नहीं था। इसलिए बोला, ''यह गाय बायीं आँख से कानी है।'' ''धर्मदास ने उसे फिर कहा, 'मित्र! ऐसे मत बोलो। यह बायीं आँख से कानी नहीं है। इसलिए सोच-विचारकर बोलो।'' अधिक भ्रमित चोर फिर बोला, ''हाँ, मैं भूल गया। मेरी यह गाय दायीं आँख से कानी है। मैंने गलती से पहले उलटा कह दिया। अब सच बोल रहा हूँ यह मेरी गाय दायीं आँख से कानी है।''

शीघ्र ही धर्मदास आँखों से हाथ हटाता है और जोर से बोलता है, ''देखो, लोगो देखो। यह आदमी चोर है। यह झूठ बोलता है, अब सिद्ध हो गया है। ये मेरी ही गाय किसी भी आँख से कानी नहीं है।'' तब सभी लोग ताली बजाते हैं, कहते हैं, ''ठीक पकड़ा चोर। ठीक पकड़ा।'' सैनिकों ने उस चोर को पकड़ लिया और गाय धर्मदास को दे दी।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

उत्तर (क) धर्मदास: पूर्णस्नेहेन प्राणपणेन च नन्दिनी नाम्नीं धेनुं पालयति स्म।

(ख) धर्मदास: धेनुं क्रेतु पशुहट्टे गच्छति।

(ग) इयं धेनु: मम पार्श्वे बहुवर्षेभ्य: अस्ति इत्युक्त्वा चौर: धेनो: स्वामित्वं दर्शयति।

(घ) नहि, धेनु: काणा न आसीत्।

(ङ) चौरं राजपुरुषा: निगृहीतवन्त:।

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

उत्तर (क) धर्मदासस्य **नन्दिनी** नाम्ना एका धेनु: आसीत्।

(ख) कश्चिद् **चौर:** तस्य धेनुम् अपाहरत्।

(ग) भो! इयं धेनु: **बहु वर्षेभ्य:** मम पार्श्वे अस्ति।

(घ) वामेन लोचनेन **काणा** एषा धेनु:।

(ङ) इदानीं सिद्धं यत् अयम् **असत्यम्** अपि वदति।

3. **रेखांकित शब्दों के आधार पर प्रश्न बनाइए–**

उत्तर (क) **क:** तस्य धेनुम अपहरत्?

(ख) का **गेहे** नासीत्?

(ग) स: **कै: सह** आपणं गच्छति?

(घ) मया **कथं** विपरीतं कथितम्?

(ङ) **के** चौरं निगृहीतवन्त:?

व्याकरण कौशल

4. **संधि-विच्छेद कीजिए-**

उत्तर (क) कृषक: = कृषीवल: (ख) गौ: = धेनु:

(ग) शीघ्रम् = सत्वरम् (घ) अक्ष्णा = नेत्रेण

(ङ) गृहे = गेहे (च) अनृतम् = असत्यम्

4. **नीचे लिखे शब्द-युग्म से विशेषण शब्द को चुनकर लिखिए–**

उत्तर (क) शोभना (ख) सम्यक्

(ग) सम्भ्रान्त: चौर: (घ) दक्षिणेन

(ङ) गृहीत: (च) प्रसन्ना:

अनुवाद कौशल

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) धर्मदासस्य पार्श्वे एका नन्दिनी नाम्न्या: धेनु: आसीत्।

(ख) कश्चन चौर: धर्मदासस्य धेनुम् अपाहरत्।

(ग) इयं तु मम पार्श्वे बहु वर्षेभ्य: अस्ति।

(घ) धेनु दक्षिणेन लोचनेन काणा अस्ति।

(ङ) सैनिका: चौरं निगृहीतवन्त:।

(च) धर्मदासाय तस्य धेनु अलभत।

3 शोभनं करोति

हिन्दी अनुवाद–

प्राचीन काल में कोई राजा था। वह प्रजा को स्नेहपूर्वक पालता था। उससे सारी प्रजा संतुष्ट थी। उसके बहुत सारे मंत्री थे। वे सभी राजभक्त थे। उनमें एक बुद्धिसिंह नाम का मंत्री था। वह हमेशा कहता था कि ईश्वर जो करता है वह अच्छा ही करता है। एक बार उसका पुत्र मर गया उसने फिर भी कहा कि ईश्वर जो करता है वह अच्छा ही करता है।

एक बार राजा की उंगली कट गई। अन्य मंत्रियों ने शोक प्रकट किया किंतु बुद्धिसिंह ने कहा कि ईश्वर जो करता है वह अच्छा ही करता है। राजा बुद्धिसिंह से क्रुद्ध हो गया। समय के साथ राजा की पीड़ा शांत हो गई। उसने एकांत में बुद्धिसिंह को बुलाया। बुद्धिसिंह राजा के पास आया। राजा ने उसे पूछा, "मंत्री! तुम्हारा पुत्र मर गया और मेरी उंगली कट गई। अब बोलो कि ईश्वर ने कैसे अच्छा किया बुद्धिसिंह बोला "महाराज! यद्यपि इस विषय में मैं प्रमाण देने में असमर्थ हूँ। फिर भी समय आने पर आप स्वयं ही जान जाएँगे। मैं भी अनुभव करके आपको निवेदन करूँगा कि ईश्वर जो करता है वह अच्छा ही करता है।"

इसके बाद राजा बुद्धिसिंह के साथ शिकार के लिए वन को गया। वन में वे दोनों डाकुओं द्वारा पकड़ लिए गए और दस्युराज के पास ले गए। वहाँ देवी के लिए बलि-कार्य चल रहा था। बंदियों को देखकर दस्युराज प्रसन्न हो गया। उसने कहा, "अब बलि-कार्य पूरा होगा।" दस्युराज ने बुद्धिसिंह को पूछा, "तुम्हारा पुत्र है?" बुद्धिसिंह बोला, "था किंतु वह मर गया। अब मैं पुत्रहीन हूँ।"

दस्युराज ने अपने सेवकों कहा, "मूर्खो, इसे हटाओ। हमारी देवी पुत्र हीन की बलि नहीं चाहती है। इसे छोड़ो और दूसरे को लाओ।" सेवक राजा को भी दस्युराज के सामने ले गए। अचानक दस्युराज की दृष्टि राजा की कटी हुई उंगली पर पड़ी। क्रोधित दस्युराज सेवकों को बोला, "अरे मूर्खो! मेरी देवी अंगहीन की बलि नहीं चाहती है। इसलिए इसे भी छोड़ दो।"

शीघ्र ही वहाँ से वे दोनों भागकर दूर आ गए। तब राजा ने माना कि ईश्वर जो करता है वह अच्छा ही करता है।

अभ्यास

लेखन कौशल

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) नृपस्य सचिवा: राजभक्ता: आसन्।

(ख) ईश्वरस्य विषये दुद्धिसिंहस्य विचार: आसीत् यत् स: यत्करोति तत् शोभनं करोति।

(ग) नृप: बुद्धिसिंहश्च दस्युभि: गृहीतौ।

(घ) दस्युराज: बुद्धिसिंहस्य बलिं तस्य पुत्रहीनत्वात् न अयच्छत्।

(ङ) नृप: बलिकार्याय अत: अनुपयुक्त: आसीत् यतोहि तस्य अङ्गुलि छिन्ना आसीत्।

2. रेखांकित शब्दों के आधर पर प्रश्न बनाइए–

उत्तर (क) **कस्य** बहव: सचिवा: आसन्?

(ख) अपरे: मन्त्रिण: **किं** कृतवन्त:?

(ग) **केन** शोभनं न कृतम्?

(घ) नृप: **कस्यार्थं** वनं गतवान्?

(ङ) अधुना **किं** पूर्णं भविष्यति?

3. नीचे लिखे वाक्यों को घटना के क्रमानुसार लिखिए–

उत्तर (क) एक: नृप: स्नेहेन प्रजां पालयति स्म।

(ख) तस्य बुद्धिसिंह: नाम्न: सचिव: आसीत्।

(ग) स: सर्वदा कथयति स्म यत् ईश्वर: यत् करोति तत् शोभनम् एव करोति।

(घ) बुद्धिसिंहस्य पुत्र: मृत: नृपस्य च अङ्गुली छिन्ना जाता।

(ङ) एकदा नृप: सचिवश्च आखेटाय वनं गतवन्तौ।

(च) तत्र तौ दस्युभि: बलिकार्याय गृहीतौ।

(छ) दस्युराज: अकथयत्, ''अस्माकं देवी पुत्रहीनस्य बलिं न वाञ्छति।''

(ज) राजा अङ्गहीनतया बलिकार्याय अनुपयुक्त:।

(झ) उभौ तत: पलायितौ।

(ञ) तदा नृप: अमन्यत यत् ईश्वर: यत् करोति तत् शोभनम् एव करोति।

